## दिनांक 01.08.2015 को आयोजित IFAD-ILSP परियोजना प्रबन्धन समिति (PMC) की पंचम बैठक का कार्यवृत्त

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की प्रबन्धन समिति की पंचम बैठक दिनांक 01.08.2015 को अपराह्न 12:30 बजे श्री एस० राजू अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन एवं अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, की अध्यक्षता में होटल पैसिफिक, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थिति का विवरण एवं कार्यवृत्त निम्नवत है :–

उपस्थित सदस्यों /प्रतिनिधि का विवरण :–

1. सचिव जलागम, श्री आनन्द वर्द्धन।
2. अपर सचिव वित्त, उत्तराखण्ड शासन, श्री अर्जुन सिंह।
3. अपर सचिव, कृषि, उत्तराखण्ड शासन श्री सविन बंसल।
4. अपर सचिव, पंचायती राज, श्री हरबंस सिंह चुघ।
5. परियोजना निदेशक, परियोजना समिति–जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) श्री कपिल लाल।
6. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, उत्तराखण्ड, श्री डी०आर० जोशी।
7. एस०वी०सी०सी० (उपासक) के प्रतिनिधि श्री ए०के० राजपूत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।
8. मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP, श्री विजय कुमार।

परियोजना के क्रियान्वयन में सहभागी विभाग/बोर्ड व गैर सरकारी संगठन – विशेष आमंत्रित सदस्य

1. उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा परिषद् के प्रतिनिधि श्री दिनेश जोशी।
2. निदेशक कृषि के प्रतिनिधि डॉ० परमा राम।, संयुक्त निदेशक, कृषि तथा श्री के०सी० पाठक संयुक्त निदेशक, कृषि।
3. पशुधन विकास परिषद् के प्रतिनिधि डॉ० आर० मठपाल।
4. मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तराखण्ड शीप एण्ड वूल डेवलपमेंट बोर्ड, डॉ० अविनाश आनन्द।
5. Executive Director, Appropriate Technology India (ATI) श्री कमल नयन बडोनी।
6. Secretary, Shri Bhuvneshwari Mahila Ashram श्री ज्ञान सिंह रावत।
7. Chairman, Asian Society for Entrepreneurship Education & Development (ASEED) के प्रतिनिधि श्री मायाधर साहू, नेशनल प्रोग्राम, कोऑडिनेटर, ASEED.
8. President, Gramin Samaj Kalyan Samiti (GRASS) श्री गोपाल सिंह चौहान।
9. Chief Executive, IFFDC के प्रतिनिधि श्री देश दीपक यादव, तकनीकी संस्था कोऑडिनेटर, अल्मोड़ा।
10. Secretary, Himalayan Action Research Centre (HARC) के प्रतिनिधि श्री शैलेश पंवार, वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबन्धक, HARC.
11. Director, Centre for Business & Enterpreurial Development Society (CBED) सुश्री रत्ना सिंह तथा श्री अनिल त्यागी नोडल अधिकारी, CBED.

उपरोक्त के अतिरिक्त परियोजना के प्रबन्धक व अधिकारी गणों द्वारा उक्त बैठक में प्रतिभाग किया गया।

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की प्रबन्धन समिति के सदस्य सचिव द्वारा प्रबन्धन समिति की पंचम बैठक में सदस्यों की गणपूर्ति पूर्ण होने के क्रम में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से उपस्थित सभी सदस्यों एवं विशेष आमंत्रिओं का स्वागत करते हुये एजेन्डा के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। बिन्दुवार बैठक का कार्यवृत्त निम्नवत् है:–

**कार्यसूची PMC: 5.01: एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन समिति की दिनांक 03.02.2015 को आयोजित चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि ।**

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना प्रबन्धन समिति की चतुर्थ बैठक दिनांक 03.02.2015 को सम्पन्न हुई चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त सदस्यगणों के समक्ष संज्ञानार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया। सदस्यगणों द्वारा अवलोकन कर कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**कार्यसूची PMC: 5.02 : एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की दिनांक 03.02.2015 को आयोजित परियोजना प्रबन्धन समिति की चतुर्थ बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की स्थिति।**

एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की परियोजना प्रबन्धन समिति की दिनांक 30.01.2014 को आयोजित चतुर्थ बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा इंगित बिन्दुओं पर कृत्त कार्यवाही/अनुपालन की स्थिति सदस्यों के संज्ञानार्थ व अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गई।

सदस्यों द्वारा अनुपालन की स्थिति का अवलोकन कर संज्ञानार्थ लिया गया।

**कार्यसूची PMC: 5.03 : एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना की वित्तीय वर्ष 2014–15 की उपलब्धियों की आख्या।**

वित्तीय वर्ष 2014–15 के संशोधित AWPB के Project Component में स्वीकृत Rs.35.00 करोड़ के सापेक्ष दिनांक 31.03.2015 तक **रू.30.31 करोड़** की उपलब्धि को निम्नानुसार समिति के सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया:–

| **Component** | **RAWPB 2014-15** | **Achievement** | **% of achievement** |
|---|---|---|---|
| **Sub-Component** | **Amount (000)** | **Amount (000)** | **IFAD** |
| **Food Security & Livelihood Enhancement** | | | |
| Food Security & Scaling Up | 97486 | 82,945.91 | 85.08 |
| Access to Market | 16435 | 8,924.35 | 54.30 |
| Innovation Linkages | 5300 | 1,807.07 | 34.10 |
| Vocational Training | 3650 | 2,672.12 | 73.21 |
| Project Management Unit | 48957 | 39,562.76 | 80.81 |
| **Sub Total** | **171829** | **135,912.20** | 79.10 |
| **Participatory Watershed Management** | | | |
| Social Mobilisation | 5700 | 6,415.90 | 112.56 |
| Watershed & Village Development | 17340 | 21,208.53 | 122.31 |
| Food Security Enhancement Support | 11925 | 21,041.37 | 176.45 |
| Livelihood upscaling | 1200 | | - |
| Institutional Strengthening | 10975 | 9,909.63 | 90.29 |
| Project Management WMD | 52635 | 45,452.10 | 86.35 |
| **Sub Total** | **99775** | **104,027.53** | 104.26 |
| **Livelihood Finance – UPASaC** | | | |
| Field Vehicles | 660 | 307.80 | 46.64 |
| Financial Initiatives | 450 | 8.55 | 1.90 |
| Risk Management | 1700 | 885.10 | 52.06 |
| Banking Initatives | 3650 | 2,129.42 | 58.34 |
| UPASaC & Bank Financing | 54750 | 50,045.00 | 91.41 |
| UPASaC Management | 3241 | 2,282.28 | 70.42 |
| **Sub total** | **64451** | **55,658.15** | 86.36 |
| **Project Management** | | | |
| Central Project Coordination Unit | 1025 | 283.70 | 27.68 |
| M&E and KM-UGVS | 11485 | 6,209.70 | 54.07 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| M&E and Knowledge Management (WMD) | 1435 | 992.35 | 69.15 |
| **Sub Total** | **13945** | **7,485.75** | 53.68 |
| **Grand Total** | **350000** | **303,083.64** | 86.60 |

समिति के संज्ञान में लाया गया कि उपरोक्त में परियोजना समिति जलागम प्रबन्ध निदेशालय (PS-WMD) द्वारा उनके घटक हेतु स्वीकृत बजट रू॰10.121 करोड़ के सापेक्ष रू॰10.502 करोड़ की उपलब्धि की गई है जो कि परियोजना के तीनों घटकों हेतु कुल स्वीकृत धनराशि रू॰35.0 करोड़ के अन्तर्गत है।

**वित्तीय वर्ष 2014–15 में PS-WMD द्वारा सहभागी जलागम प्रबन्धन मद में उपमदवार उपरोक्त तालिका अनुसार स्वीकृत रू॰10.121 करोड़ के सापेक्ष रू॰10.502 करोड की उपलब्धि को समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**कार्यसूची PMC: 5.04 : वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट (AWP&B) वर्ष 2015–16 के सापेक्ष किये गये achievement की अध्यावधि स्थिति।**

सदस्यगणों को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2015–16 के AWP&B के Project Component में स्वीकृत रू॰151.32 करोड़ के सापेक्ष दिनांक 24.07.2015 तक **रू॰15.83 करोड़** की प्रगति की गई है। प्रगति का घटक व उपघटकवार विवरण निम्न प्रकार है–

| Component | AWPB 2015-16 | Achievement |
|---|---|---|
| **Sub-Component** | **Amount (000)** | **Amount (000)** |
| **FOOD SECURITY & LIVELIHOOD ENHANCEMENT** | | |
| Food Security & Scaling Up | 525348 | 89543 |
| Access to Market | 69505 | 2495 |
| Innovation Linkages | 34800 | 63 |
| Vocational Training | 53000 | 163 |
| Project Management Unit | 73012 | 12825 |
| **Sub Total** | **755665** | **105092** |
| **Participatory Watershed Management** | | |
| Social Mobilisation | 48475 | 9846 |
| Watershed & Village Development | 130000 | 19920 |
| Food Security Enhancement Support | 164267 | 1298 |
| Livelihood upscaling | 23500 | - |
| Institutional Strengthening | 48050 | 4307 |
| Project Management WMD | 76280 | 14029 |
| **Sub Total** | **490572** | **49400** |
| **LIVELIHOOD FINANCE - UPASaC** | | |
| Field Vehicles | 230 | - |
| Financial Initiatives | 2160 | - |
| Risk Management | 2000 | - |
| Banking Initatives | 5300 | 349 |
| UPASaC & Bank Financing | 217000 | - |
| UPASaC Management | 8520 | 311 |
| **Sub Total** | **235210** | **661** |
| **PROJECT MANAGEMENT** | | |
| Central Project Coordination Unit | 6000 | 298 |
| M&E and KM-UGVS | 16315 | 2246 |
| M&E and Knowledge Management (WMD) | 9430 | 608 |
| **Sub total** | **31745** | **3152** |
| **Grand Total** | **1513192** | **158305** |

समिति के संज्ञान में लाया गया कि इस वित्तीय वर्ष में वर्तमान तक राज्य सरकार से धनराशि अवमुक्त न होने के फलस्वरूप प्रगति धीमी है। दिनांक 31.07.2015 को रू.15.0 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की जा रही है, ऐसा पत्र अपर आयुक्त, ग्राम्य विकास, पौडी से प्राप्त हुआ है। जबकि वित्तीय वर्ष में द्वितीय त्रैमास का भी एक माह बीत चुका है तथा कम धनराशि अवमुक्त होने के फलस्वरूप जलागम विकास के अन्तर्गत समयबद्ध वृक्षारोपण कार्य प्रभावित होगें।

**उपरोक्त पर चर्चा उपरान्त अध्यक्ष महोदय द्वारा ग्राम्य विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि इस प्रथम किस्त का उपयोगिता प्रमाण–पत्र बाद में लिया जाय तथा अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन से पत्रावली में अनुमोदन लेते हुए द्वितीय किस्त अविलम्ब अवमुक्त करा दी जाय।**

(कार्यवाही– सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन)

**समिति परियोजना की वित्तीय वर्ष 2015–16 में प्रथम त्रैमास की उपरोक्तानुसार प्रगति से अवगत हुई तथा स्वीकृत बजट के सापेक्ष समय अन्तर्गत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। विशेष रूप से रेखीय विभाग/बोर्ड द्वारा क्रियान्वित किये जा रहे प्रोजेक्टस् की समयबद्ध प्रगति एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र को उपलब्ध कराने के निर्देश समिति द्वारा दिये गये।**

**कार्यसूची PMC: 5.05 : आयोजनागत मद में प्राप्त बजट के आहरण के संबंध में :**

सदस्यगणों के संज्ञान में लाया गया कि वित्तीय वर्ष 2014–15 में ILSP परियोजना हेतु आयोजनागत मद में अवमुक्त धनराशि में से व्यय उपरान्त दिनांक 31.03.2015 को परियोजना (UGVS, PS-WMD & UPASaC) के पास रू.28.24 करोड़ की धनराशि उपलब्ध थी। उक्त धनराशि से वित्तीय वर्ष 2015–16 के AWP&B की गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में कोई धनराशि आयोजनागत मद में प्राप्त नहीं हुई है जिस कारण परियोजना की प्रगति धीमी चल रही है।

इसी क्रम में समिति के यह भी संज्ञान में लाया गया कि आयोजनागत मद में प्राप्त बजट के आहरण के संबंध में सहायक आयुक्त/उपायुक्त (प्रशासन), ग्राम्य विकास उत्तराखण्ड पौडी द्वारा पत्रांक 949/4–नाजिर /बजट/2015–16 दिनांक 9 जुलाई 2015 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि वर्तमान मे महालेखाकार उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उक्त कार्यालय को पी.एल.ए. खाता आवंटित कर दिया गया है, फलस्वरूप परियोजना की धनराशि का भुगतान सम्बंधित कार्यदायी संस्था, ठेकेदार आदि को पी.एल.ए. अथवा सीधे कोषागार से ई–पेमेंन्ट से भुगतान कार्यदायी संस्था/ठेकेदार के बैंक खाते मे किया जायेगा। प्रत्येक दशा मे आहरित धनराशि को निदेशालय के पी.एल.ए. खाते मे आहरित कर रखा जायेगा अथवा सीधे कार्यदायी संस्था/ठेकेदार के बैंक खाते मे ई–पेमेन्ट से भुगतान किया जायेगा।

उपरोक्त पर समिति द्वारा चर्चा में संज्ञान लिया गया कि भारत सरकार/राज्य सरकार एवं आईफैड के मध्य निष्पादित Financing/Project Agreement के प्राविधानों के अनुरूप परियोजना का क्रियान्वयन सोसाइटी मोड में किया जा रहा है।

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि परियोजना के क्रियान्वयन के लिये राज्य सरकार एवं आईफैड (IFAD) के मध्य परियोजना अनुबन्ध (Project Agreement) तथा भारत सरकार एवं आईफैड (IFAD) के मध्य वित्तीय अनुबन्ध (Financing Agreement) एवं विभिन्न क्रियान्वयन इकाई (UGVS, PSWMD, UPASaC) एवं राज्य सरकार के मध्य निष्पादित (Subsidiary Agreements) के फलस्वरूप उक्त PLA खाता संबंधी प्रक्रिया परियोजना में लागू नहीं की जा सकती। प्रदेश में अन्य परियोजनाओं हेतु भी उक्त प्रक्रिया लागू नहीं है। इस क्रम में अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन ने परियोजना को सीधे राज्य सरकार स्तर से परियोजना की केन्द्रीय समन्वयन इकाई (CPCU) को धनराशि अवमुक्त करने की प्रक्रिया लागू करने हेतु परियोजना के नोडल विभाग (ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन) को कार्यवाही के निर्देश दिए दिये गये। ताकि परियोजना के लक्ष्यों को समयबद्ध व समयान्तर्गत पूर्ण किया जा सके।

(कार्यवाही : सचिव, ग्राम्य विकास,, उत्तराखण्ड शासन एवं सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन)

**कार्यसूची PMC:5.06 : एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना के वित्तीय वर्ष 2015–16 की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट (AWP&B) का अनुमोदन**

सदस्यगणों के संज्ञान में लाया गया कि दिनांक 03.02.2015 को परियोजना संचालन समिति की चतुर्थ बैठक में वर्ष 2015–16 हेतु रू०142.75 करोड़ के सापेक्ष रू०100.00 करोड़ का AWP&B रखे जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

इसी क्रम में सदस्यों को अवगत कराया गया कि माह अप्रैल 2015 मे मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन एवं अपर मुख्य सचिव वित्त, उत्तराखण्ड शासन द्वारा परियोजना कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गयी एवं वित्तीय वर्ष 2015–16 मे परियोजना के Mid Term Review को देखते हुये AWP&B को रू०150.0 करोड़ रखे जाने के निर्देश दिए गए। उक्त के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2015–16 की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट को संशोधित करते हुये निम्नानुसार धनराशि रू०151.32 करोड के प्रस्ताव पर आइफैड की सहमति प्राप्त की जा चुकी है :–

| Component | AWPB 2015-2016 | | Financing Plan (000) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sub-Component | Units | Amount (000) | GoUK | IFAD | Banks | Bene. |
| Food Security & Livelihood Enhancement | 39097 | 755665 | 63457 | 650224 | | 41983 |
| Participatory Watershed Management | 7730 | 490572 | 77692 | 364126 | | 48753 |
| Livelihood Finance - UPASaC | 5264 | 235210 | 23063 | 16946 | 183750 | 11450 |
| Project management | 1202 | 31745 | 6975 | 24769 | | |
| **TOTAL** | **53293** | **1513192** | **171187** | **1056065** | **183750** | **102186** |

**समिति द्वारा उपरोक्तानुसार रू०151.32 करोड़ की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2015–16 का अवलोकन कर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**कार्यसूची PMC:5.07: आईफैड सुपरविजन मिशन द्वारा दिनांक 06 अप्रैल से 18 अप्रैल, 2015 के मध्य परियोजना का रिव्यू**

आईफैड सुपरविजन मिशन द्वारा दिनांक 06 अप्रैल से 18 अप्रैल, 2015 के मध्य परियोजना के रिव्यू उपरान्त दिनांक 21 अप्रैल, 2015 को उपलब्ध कराये गये Aide Memoire में उल्लिखित Agreed Action बिन्दु समिति के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किये गये।

**समिति द्वारा Aide Memoire में उल्लिखित Agreed Action बिन्दुओं पर समयबद्ध अनुपालन के निर्देश दिये गये।**

**(कार्यवाही : परियोजना निदेशक, UGVS, परियोजना निदेशक, PS-WMD एवं प्रबन्ध निदेशक, UPASaC)**

**कार्यसूची PMC:5.08: अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से निम्नांकित अतिरिक्त बिन्दु समिति के समक्ष रखे गये**

**5.08.1 राज्य स्तरी; Apex Organization-(HILANS/हिलान्स) Highland Innovative Livelihoods Ascending Nature Sustainability का गठन व सहयोग के संबंध में :–**

समिति को अवगत कराया गया कि परियोजना वर्तमान में 70 फैडरेशन को सहयोग प्रदान करते हुए कार्य कर रही है तथा लाइवलीहुड क्लेटिवस के रूप में उत्पादक समूह संगठित हो रहें है। इस प्रकार लगभग 200 फैडरेशनों/लाइवलीहुड क्लेटिवस के माध्यम से भविष्य में परियोजना के withdrawal के उपरान्त गतिविधियां समुदाय के द्वारा क्रियान्वित की जायेगी। फैडरेशनों/लाइवलीहुड क्लेटिवस को निरन्तर Backward व Forward linkages स्थापित करने (Market Access सहित) तथा Innovative Livelihoods के क्षेत्र में Product Development एवं Value Addition इत्यादि की सेवायें प्रदान करने के लिए एक राज्य स्तरीय Apex Organization की आवश्यकता है जिसका स्वरूप Producer Company/Co-operative/Society के रूप में हो सकता है। जिसमें सभी इच्छुक उत्पादक/फैडरेशन की भागीदारी हो सकेगी तथा जिसका संचालन भी समुदाय व सामुदायिक संस्थाओं द्वारा representative governing board के माध्यम से

किया जायेगा। एक अभिनव एक्शन रिसर्च की Piloting के अन्तर्गत परियोजना द्वारा उक्त Apex Organization को सीमित सहयोग प्रदान किया जायेगा। जो कि भविष्य में समुदाय द्वारा self sustainable होगा।

(Hilans/हिलान्स) Highland Innovative Livelihoods Ascending Nature Sustainability की जानकारी के संबंध में ब्रोशर भी सदस्यगणों के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा चर्चा उपरान्त उपरोक्तानुसार Apex Organization का गठन व सहयोग करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया तथा वर्तमान फैडरेशन/Livelihoods collectives से चर्चा उपरान्त अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु परियोजना निदेशक, UGVS को अधिकृत किया गया।**

**5.08.2 दिनांक 20–22 अगस्त 2015 के मध्य IFAD Implementation Support Mission के भ्रमण के संबंध में।**

समिति को अवगत कराया गया कि परियोजना की गतिविधियों की समीक्षा करने हेतु दिनांक 20 से 22 अगस्त 2015 के मध्य IFAD Implementation Support Mission उत्तराखण्ड के भ्रमण पर रहेगा। Mission का Term of Reference (ToR) समिति के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

**समिति तद्नुसार IFAD Implementation Support Mission के भ्रमण कार्यक्रम से अवगत हुई।**

**उपरोक्त के साथ ही मुख्य परियोजना निदेशक द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभी सदस्यों तथा उपस्थितगण प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक सम्पन्न होने की घोषणा की गयी।**

| | |
|---|---|
| (एस॰ राजू)<br>अपर मुख्य सचिव/आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास,<br>उत्तराखण्ड शासन एवं<br>अध्यक्ष, परियोजना प्रबन्धन समिति, ILSP | (विजय कुमार)<br>सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन समिति<br>एवं मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP |

**एकीकृत आजीविका सहयोग परियोजना (IFAD- ILSP)**
**उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास समिति (UGVS)**
(ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
216, पंडितवाड़ी, फेज– II, देहरादून, उत्तराखण्ड, दूरभाष 0135–2773800

पत्रांक 78 / PMC-5 /2015–16 दिनांक 10-08-2015

**प्रतिलिपि :– निम्न को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तराखण्ड शासन
2. सचिव, जलागम देहरादून।
3. अपर सचिव, वित्त, उत्तराखण्ड शासन।
4. अपर सचिव/निदेशक पंचायती राज, उत्तराखण्ड शासन।
5. अपर सचिव कृषि, उत्तराखण्ड शासन।
6. अपर सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन।
7. अपर सचिव, पर्यटन, उत्तराखण्ड शासन।
8. अपर सचिव, उद्यान, उत्तराखण्ड शासन।
9. परियोजना निदेशक, उत्तराखण्ड जलागम विकास इकाई, जलागम प्रबन्ध निदेशालय, देहरादून।
10. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उपासक।

11. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यू॰एस॰एन॰आर॰एल॰एम॰, देहरादून।
12. अपर प्रमुख वन संरक्षक / मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा विकास परिषद्।
13. निदेशक, कषि, उत्तराखण्ड।
14. निदेशक, उद्यान, उत्तराखण्ड।
15. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड पशुधन विकास परिषद, देहरादून।
16. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड शीप एण्ड वूल डेवलपमेंट बोर्ड, देहरादून।

10/08/2015
(विजय कुमार)
सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन समिति
एवं मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP

पत्रांक 78 / /2015–16 तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. Executive Director, Appropriate Technology India (ATI) Plot no- 15, Mohabbewala, Industrial Area, Dehradun.
2. Secretary, Shri Bhuvneshwari Mahila Ashram, Post Anjanisain, Tehri Garhwal- 249121, Uttarakhand.
3. Chairman, Asian Society for Entrepreneurship Education & Development (ASEED) B-9/6238, Vasant Kunj, New Delhi – 110070.
4. President, Gramin Samaj Kalyan Samiti (GRASS) Talla Chinakhan, Almora (U.K.) -26360.
5. Chief Executive, IFFDC Ltd. FMDI, IFFCO Colony, Sector- 12 B, Gurgaon- 122001.
6. Secretary, Himalayan Action Research Centre (HARC) 744, Indira Nagar, Phase-II Dehradun-248006.
7. Director, Centre for Business & Enterpreurial Development Society (CBED) 14, Indira Nagar, P.O. New Forest,Dehradun-248006.

10/08/15
(विजय कुमार)
सदस्य सचिव, परियोजना प्रबन्धन समिति
एवं मुख्य परियोजना निदेशक, CPCU-ILSP